अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश

(श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं चिकित्सालय परिसर, नेरचौक, मण्डी, हि.प्र)

AMRU/COE/Counselling/2021- 6790-95 **दिनांक : 4 अगस्त, 2021**

प्रेस नोट

एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठयक्रमों में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट–यूजी) 2021 के माध्यम से शैक्षणिक सत्र–2021–22 के लिए प्रवेश हेतु सूचना ।

राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी द्वारा जारी प्रवेश सूचना के अनुसार सभी सम्बन्धित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र–2021–22 के लिए एमबीबीएस/बीडीएस पाठयक्रमों के लिए हिमाचल प्रदेश में स्थित सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी मैडिकल एवं डैंटल कालेजों में दाखिला राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा **(नीट–यूजी)-2021** की मैरिट के आधार पर किया जायेगा, जो कि राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी द्वारा **दिनांक 12 सितम्बर 2021 (रविवार)** को आयोजित की जायेगी । जिसके लिए आवेदन करने की ऑनलाईन प्रकिया राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी की वेबसाईट https://neet.nta.nic.in/ के माध्यम से दिनांक **13 जुलाई 2021** से शुरू हो चुकी है, जो **दिनांक 06 अगस्त, 2021** तक जारी रहेगी । विस्तृत जानकारी के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी द्वारा जारी किए गए प्रौस्पैक्टस को देखें जो कि उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं । इसके दृष्टिगत एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठयक्रमों में दाखिले हेतु अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश द्वारा अलग से कोई प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी द्वारा उक्त प्रवेश परीक्षा की मैरिट अखिल भारतीय रैकिंग के आधार पर जारी की जाएगी । एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य एवं प्रबन्धकीय कोटे के अन्तर्गत दाखिले हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूर्ण करने के साथ–साथ जो अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा को उतीर्ण करेगें उनसे उचित समय पर पृथक से ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमन्त्रित किए जाएगें, जिसकी अधिसूचना कॉऊसलिंग प्रौस्पैक्टस सहित अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश की वेबसाईट www.amruhp.ac.in तथा निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हिमाचल प्रदेश की वेबसाईट www.hp.gov.in/hpdmer पर उपलब्ध होगी । **अतः उक्त पाठयक्रमों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी निर्धारित समय के भीतर नीट–2021 प्रवेश परीक्षा के लिए सम्बन्धित वेबसाईट पर आवेदन करें ।**

नोटः–किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 01905–243962, 1905–243967 से सम्पर्क कर सकते हैं। एमबीबीएस एवं बीडीएस पाठयक्रमों में प्रवेश से सम्बन्धित सूचनाओं के लिए अभ्यर्थी उक्त वेबसाईटस तथा दूरभाष के सम्पर्क में रहें।

कुलसचिव

पृष्ठाकंन संख्याः /2021 – 6790-95

दिनांक 04/08/2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ निम्नलिखित को अग्रेषित की जाती है:–

1– निदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान, हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009 ।

2– परीक्षा नियन्त्रक, हिमाचल. प्रदेश विश्वविद्यालय शमला– 5।

3– संवाददाता **दिव्य हिमाचल**, को इस अनुरोध के साथ कि वह उक्त प्रेस नोट को अपने समाचार–पत्र में प्रकाशित करवाने की कृपा करें ।

4–निजि सचिव, माननीय कुलपति, अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश।

5–प्रभारी वेबसाईटस को इस निर्देश के साथ कि वे उक्त प्रेस नोट के साथ राष्ट्रीय परीक्षा एजैंसी द्वारा जारी उक्त प्रवेश सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईटस www.amruhp.ac.in पर अपलोड करें।

6–सूचनापट अटल आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश।

कुलसचिव